**बिहार सरकार**
**बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**
**19, हार्डिंग रोड, पटना।**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

वित्तीय वर्ष–2025–26 में बिहार तकनीकी सेवा आयोग, कार्यालय, पटना में Catering Service उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। इसके लिए प्रतिष्ठित फर्म/आपूर्त्तिकर्त्ताओं से सीलबंद लिफाफे में दिनांक–15.04.2025 तक प्रत्येक कार्य दिवस को 2:00 बजे अपराह्न तक निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक–15.04.2025 को अपराह्न 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओ के समक्ष खोली जाएगी। निविदा से संबंधित सभी प्रपत्र एवं शर्त आयोग के Website पर प्रदर्शित है। इच्छुक निविदादाता आयोग के Website :- btsc.bihar.gov.in से Download कर विस्तृत ब्यौरा प्राप्त कर निविदा, प्रभारी सचिव, बिहार तकनीकी सेवा आयोग, पटना को भेज सकते हैं।

2.4.2025

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
19, हार्डिंग रोड, पटना।

**बिहार सरकार**
**बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**
**19, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

## निविदा आमंत्रण सूचना

बिहार तकनीकी सेवा आयोग, कार्यालय पटना में साक्षात्कार एवं काउंसिलिंग के क्रम में आमंत्रित विशेषज्ञों, साक्षात्कार बोर्ड के सदस्य एवं अन्य कार्य में संलग्न पदाधिकारीगण/कर्मियों हेतु **नास्ता/लंच/रात्रि भोजन (Dinner), पानी एवं चाय** की व्यवस्था कराने हेतु इच्छुक फर्म/कैटरर्स से प्रतिदिन औसतन 50 (पचास) लोगो के खाने के लिए नियमानुसार मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। आवश्यकतानुसार लोगो की संख्या घट या बढ़ सकती है। इच्छुक फर्म/कैटरर्स को निम्नलिखित मेनु (Menu) के आधार पर **नास्ता/लंच/रात्रि भोजन (Dinner), पानी एवं चाय** की व्यवस्था आयोग कार्यालय परिसर में उपलब्ध करानी होगी :–

### (क) लंच/रात्रि भोजन (Dinner) के लिए मेनु

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तन्दूरी रोटी–2 पीस/तवा रोटी–4 पीस | जीरा राईस | दाल फ्राई | सब्जी (ग्रेवी के साथ | पनीर की सब्जी | सब्जी (भुजिया) | पापड़ और दही | रसगुल्ला/ गुलाब जामुन (दो पीस) | 500 एम०एल० मिनरल वाटर |

### (ख) नास्ता पैकेट के लिए मेंनु

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| सैण्ड वीच–4 | ब्रेड पकौड़ा–1 | समोसा/सब्जी पकौडा/कचौड़ी | 500 एम०एल० मिनरल वाटर |

### (ग) पानी

| 1 |
|---|
| 500 एम०एल० मिनरल वाटर |

### (घ) पानी

| 1 |
|---|
| पानी का जार 25 ली० का |

### (ङ) चाय

| 1 |
|---|
| चाय |

<u>उपर्युक्त भोजन तैयार करने में निम्न ब्रांड का उपयोग किया जायेगा।</u>

| बासमती चावल (लम्बा दाना) | गेहूँ आटा | मसाला | खाने का तेल |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| इंडिया गेट | आर्शीवाद | एवरेस्ट | धारा |
| लाल किला | नेचर फ्रेश | एम०डी०एच० | सफोला |
| दावत | पतंजली | कैच | नेचर फ्रेश |
| फॉरच्युन | | पतंजली | पतंजली |
| पतंजली | | | |

**<u>निविदा की शर्ते</u> :–**

**(क) तकनीकी निविदा :–**

1. फर्म MSME (Micro Small & Medium Enterprises) से रजिस्टर्ड होना चाहिए।
2. जी०एस०टी० का निबंधन प्रमाण पत्र की प्रति।
3. पैन कार्ड की प्रति।
4. काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधी स्वलिखित प्रमाण पत्र।
5. फर्म का खाता सं० बैंक का नाम, आई०एफ०एस०सी०कोड़० के लिए कैन्सल्ड चेक की एक प्रति।
6. विगत तीन वर्षो का आय कर रिटर्न की प्रति।
7. ISO प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
8. विगत तीन वर्ष का न्यूनतम औसत Turnover 50 लाख़ रूपये होना चाहिए।
9. निविदादाता के पास खाद्य बनाने एवं खाद्य आपूर्ति करने का Competent Authority से निर्गत लाईसेंस होना चाहिए।

**उपर्युक्त तकनीकी निविदा की शर्तों से संबंधित <u>कागजात/प्रमाण</u> पत्र तकनीकी निविदा के लिफाफे में सील बंद करेगें।**

**(ख) <u>वित्तीय निविदा हेतु दर अंकित करते हुए वित्तीय निविदा के लिफाफे में सील बंद करेगें।</u>**

- उपर्युक्त सभी दर GST सहित होना चाहिए।
- किसी भी कार्य दिवस पर **नास्ता/लंच/रात्रि भोजन (Dinner), पानी एवं चाय** की व्यवस्था के फलस्वरूप निविदा में स्वीकृत एकमुश्त दर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

| क्र० | सामग्री | राशि (GST रहित) | राशि (GST सहित) |
|---|---|---|---|
| 01 | लंच/रात्रि भोजन प्रति अदद | | |
| 02 | नास्ता पैकेट प्रति अदद | | |
| 03 | 500 एम०एल० मिनरल वाटर प्रति अदद | | |
| 04 | पानी का जार 25 ली० का प्रति अदद | | |
| 05 | चाय प्रति अदद | | |

**निविदा की अन्य शर्तें :–**

1. तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग लिफाफे में सीलबंद कर जमा करना होगा। दोनों लिफाफा को एक बड़े लिफाफा में सीलबंद करेगें। सभी लिफाफे पर निविदादाता अपना स्पष्ट रूप से नाम एवं पता लिखेगें। साथ ही, सभी लिफाफे पर **"नास्ता/लंच/रात्रि भोजन (Dinner), पानी एवं चाय हेतु निविदा"** स्पष्ट एवं बड़े अक्षरों में अंकित करेगें।

2. निविदादाता उक्त लिफाफे को निम्नलिखित पते पर भेजेगें :–

**प्रभारी सचिव,**
**बिहार तकनीकी सेवा आयोग,**
**19, हार्डिंग रोड, पटना–800001**

3. निविदादाता उपर्युक्त लिफाफा दिनांक–**15.04.2025** के अपराह् **2.00** बजे तक आयोग कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

4. निविदा दिनांक–**15.04.2025** अपराह्न **4.00** बजे आयोग में गठित क्रय समिति के समक्ष आयोग कार्यालय में खोली जाएगी। निविदादाता स्वयं अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति को क्रय समिति के समक्ष निविदा खोलते समय उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। सबसे पहले तकनीकी निविदा खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता के ही वित्तीय निविदा पर विचार किया जाएगा। वित्तीय निविदा के आधार पर ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

5. वित्तीय निविदा के अर्न्तगत कैटरर्स/फर्म द्वारा दी गयी दर के लिए लंच/रात्रि भोजन (Dinner) के लिए 60% वेटेज (Weightage), नाश्ता पैकेट के लिए 25% वेटेज (Weightage), चाय के लिए 05% वेटेज (Weightage), पानी (500 एम०एल० मिनरल वाटर) के लिए 05% वेटेज (Weightage) एवं पानी (जार 25 ली० का) के लिए 05% वेटेज (Weightage) के योग में से न्यूनतम दर को $L_1$ निर्धारित किया जायेगा।

6. अंतिम रूप से चयनित न्यूनतम निविदादाता को प्राप्त सभी निविदाओं में से न्यूनतम दर पर कार्य करना होगा।

7. चयनित न्यूनतम निविदादाता को कार्यादेश निर्गत होने में एक सप्ताह के अन्दर एकरारनामा सम्पन्न कराना होगा।

8. यह निविदा कार्यादेश निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष के लिए प्रभावी होगी। आपसी सहमति से संतोषजनक होने पर आयोग द्वारा एक वर्ष का अधिकतम अवधि विस्तार किया जाएगा।

9. नाश्ता/लंच/रात्रि भोजन (Dinner), पानी एवं चाय का उल्लेख किया जाना है, एवं बनाने में प्रयुक्त सामग्री उच्च कोटि एवं गुणवत्ता वाली (मानक कम्पनी/ब्राण्ड) तथा सब्जियाँ ताजी होनी चाहिए।

10. भोजन बनाने से लेकर परोसने तक (सर्व करने तक) यथा गैस सिलेण्डर, क्रॉकरी, बर्तन, परोसने वाले स्टॉफ आदि की व्यवस्था तथा साफ–सफाई की जिम्मेवारी कैटरर्स/फर्म की ही होगी।

11. निविदा को बिना कारण बताए किसी भी समय अस्वीकृत करने अथवा संशोधित करने का अधिकार आयोग के पास सुरक्षित रहेगा।

12. आवश्यकतानुसार Buffet System की सुविधा भी होनी चाहिए।

13. खाना परोसने वाले स्टॉफ को भी Uniform में रहना होगा।

2.4.2025

प्रभारी सचिव,
बिहार तकनीकी सेवा आयोग,
पटना।